बीएड द्वितीय चरण की काउंसिलिंग 28 से

रांची, प्रमुख संवाददाता। झारखंड के बीएड कॉलेजों में प्रथम चरण की ऑनलाइन काउंसिलिंग पर नामांकन प्रक्रिया बुधवार से शुरू कर दी गई। प्रथम काउंसिलिंग में सफल आवेदन आवंटित सीट पर 25 दिसंबर तक नामांकन ले सकते हैं।

इधर, द्वितीय चरण की ऑनलाइन काउंसिलिंग की तिथि क्रिसमस के अवकाश व अन्य तकनीकी कारणों से बढ़ा दी गई है। अब द्वितीय चरण की ऑनलाइन काउंसिलिंग 28 दिसंबर से 2 जनवरी तक होगी।

138 कॉलेजों में नामांकन होगा काउंसिलिंग से

इससे संबंधित विस्तृत जानकारी बीएड काउंसिलिंग की वेबसाइट- www.rubedcounselling.in से ली जा सकती है।

बता दें कि, इस बार बीएड काउंसिलिंग की जिम्मेदारी उच्च एवं तकनीकी शिक्षा विभाग की ओर से रांची विवि को दी गई है। काउंसिलिंग के माध्यम से 138 बीएड कॉलेजों की 13,600 सीटों पर नामांकन होना है।